संख्या–1310/पॉच–5–2020

प्रेषक,

वी0 हेकाली झिमोमी,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उ0प्र0, लखनऊ।

2. महानिदेशक,
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा अनुभाग–5 लखनऊ; दिनांक 21 जून, 2020

विषयः–प्रदेश के डेडिकेटेड कोविड–19 एल–1, एल–2 एवं एल–3 चिकित्सालयों में रिक्त शैय्याओं आदि की सूचना हेतु पोर्टल बनाये जाने के संबंध में।

महोदय,

शासन के संज्ञान में यह लाया गया है कि प्रदेश के डेडिकेटेड कोविड–19 एल–1, एल–2 एवं एल–3 चिकित्सालयों में रिक्त एवं भरी शैय्याओं की संख्या की सूचना पोर्टल पर प्रदर्शित न होने के कारण वस्तुस्थिति ज्ञात नहीं हो पाती है, जिसके कोविड–19 के मरीजों के उपचार में असुविधा होती है।

2– अतएव मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश के कोविड–19 समर्पित एल–1, एल–2 एवं एल–3 चिकित्सालयों की क्रियाशीलता की सूचना और रिक्त एवं भरी शैय्याओं की संख्या कोविड पोर्टल पर प्रदर्शित कराने तथा उसके अनुश्रवण हेतु प्रत्येक जनपद में एक अपर मुख्य चिकित्साधिकारी को नोडल अधिकारी नामित करते हुए, उनका विवरण (नाम, पदनाम एवं मोबाइल नम्बर सहित) शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीया,

(वी0 हेकाली झिमोमी)
सचिव।

संख्या–1310(1)/पांच–5–2020, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

(1) निजी सचिव, मा0 मंत्री, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0।
(2) निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0।
(3) अधिशासी निदेशक, यू0पी0टी0एस0यू0, उ0प्र0 को कोविड पोर्टल में उक्त सूचनाओं को प्रदर्शित किये जाने हेतु प्राविधान करने का कष्ट करें।
(4) निदेशक, संचारी रोग, उ0प्र0, लखनऊ।
(5) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(वेद प्रकाश राय)
अनु सचिव।